हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

12 ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन



12 पुलिस ने महिलाओं के विरुद्ध बढ़ रहे मामलों से निपटने की जानकारी दी



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में कार चालक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में हुए सड़क हादसे के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 24 जनवरी को शिकायतकर्ता जगसीर सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी घुकावाली, जिला सिरसा अपने मोटरसाइकिल पर पुलिस लाइन फतेहाबाद आ रहे थे। इसी दौरान पीछे से एक तेज रफ्तार गाड़ी ने सीधे उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

### जमनालाल बजाज पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** जमनालाल बजाज पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इस हेतु समाज सेवा, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण तथा राष्ट्र निर्माण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पात्र व्यक्ति नामांकन कर सकते हैं। कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस संबंध में ज्यादा से ज्यादा जागरूक करते हुए अधिक से अधिक नामांकन भेजे जाएं। उन्होंने बताया कि पुरस्कार के लिए नामांकन भेजने की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है।

### फायरिंग के मामले में आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** गांव किरढान में हुई फायरिंग, जानलेवा हमले व तोड़फोड़ की गंभीर घटना में कार्यवाही करते हुए थाना भट्टूकलां पुलिस द्वारा नौवें आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि 29-30 दिसंबर की रात्रि को गांव किरढान में आपसी रंजिश के चलते आरोपियों द्वारा पीड़ित कुलदीप सिंह पुत्र राधेश्याम के घर पर हमला किया गया। आरोपियों ने लाठी-डंडों, लोहे के पाइप व अवैध हथियारों से तोडफ़ोड़ करते हुए पीड़ित व उसके परिजनों पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। इस संबंध में थाना भट्टू कलां में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा इस मामले में कार्रवाई करते हुए पहले ही आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा अब नौवें आरोपी यश गोस्वामी पुत्र रामचन्द्र निवासी शीशवाल जिला हिसार की गिरफ्तारी कर ली गई है।

### अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**डबवाली।** पुलिस ने नाबालिगा के अपहरण व दुष्कर्म के गंभीर मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शुभम निवासी डबवाली के रूप में हुई है। थाना शहर डबवाली प्रभारी देवीलाल ने बताया कि बीती 26 जनवरी को पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी द्वारा उसकी पुत्री का अपहरण कर ले जाने पर ममाला दर्जकर जांच शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### बाइक चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान विशाल उर्फ सुखविन्द्र पुत्र जगबीर निवासी खनौरी, जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरिक्षक कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने कुलदीप सिंह निवासी वार्ड नं. 13, गीता कॉलोनी, टोहाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 19 मार्च 2025 को मोटरसाइकिल को अपने घर के बाहर खड़ी की थी। बाद में देखा को गायब मिली।

## पश्चिमी विक्षोभ के बाद मौसम साफ, ठंड से मिली राहत

# अब वेस्टर्न डिस्टर्बन्स से 31 जनवरी से 3 फरवरी तक बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के चलते पिछले दो दिन हुई बारिश व बादलवाही के बाद वीरवार को आसमान में धूप खिली तो लोगों को ठंड से राहत मिली। दो दिन पूर्व हुई बारिश, ओलावृष्टि व बादलवाही से तापमान में गिरावट आ गई थी। वीरवार को तापमान 3 से 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। दो दिन पूर्व यहां का अधिकतम तापमान 16 डिग्री व न्यूनतम तापमान 5 डिग्री था। वीरवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री व न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तक पहुंच गया। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि बारिश व लगातार चल रहे ठंडे मौसम से गेहूं की फसल को काफी फायदा है। विशेषज्ञों ने कहीं-कहीं हुई ओलावृष्टि को भी नुकसान मानने से इंकार किया है। इस बीच मौसम विभाग ने 31 जनवरी रात्रि से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 3 फरवरी तक बारिश की संभावना जताई है जबकि 4 फरवरी से एक बार फिर ठंडक शुरू हो जाएगी।

**धूप खिलने पर ठंड से मिली राहत, तापमान में बढ़ोतरी**



फतेहाबाद। धूप खिलने से लहलहाती गेहूं की फसल। फोटो: हरिभूमि

### सरसों को नुकसान वहीं गेहूं को फायदा

दो दिन पूर्व पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से यहां का मौसम काफी खराब था। बादलों की तेज गडग़ड़ाहट के बीच बारिश हुई तो उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आ गई थी। ठंड बढने से लोग घरों में दुबक गए थे। वीरवार को एक बार फिर धूप ने अपना असर दिखाया और तापमान 4 डिग्री तक बढ़ गया।

कृषि विभाग फतेहाबाद के तकनीकी सहायक राजपाल सिंह का कहना है कि बारिश व ओलावृष्टि से यहां गेहूं को कोई नुकसान नहीं है। बारिश व ठंडा मौसम गेहूं के लिए वरदान है। इससे गेहूं के पौधे में बढ़वार होगी और बालियां में भरपूर दाना लगेगा। उन्होंने कहा कि फरवरी व मार्च के पहले सप्ताह तक ठंड रहती है तो इस बार गेहूं का बम्पर उत्पादन हो सकता है। इसके विपरीत सरसों की फसल के लिए बारिश व ओलावृष्टि दोनों ही नुकसानदेह है। बारिश व ओलावृष्टि से सरसों का दाना टूटकर नीचे गिर सकता है। बता दें कि फतेहाबाद जिले में इस बार 4 लाख 90 हजार 300 एकड़ भूमि में गेहूं की बिजाई की गई है जबकि सरसों की बिजाई मात्र 40 हजार एकड़ में ही हुई है। ऐसे में ऐसा मौसम गेहूं उत्पादक किसानों के लिए फायदेमंद है।

**4 फरवरी से मौसम खुश्क रहने और शीत हवाएं चलने की संभावना**

*प्रदेश में मौसम आमतौर पर 4 फरवरी तक परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान 30 व 31 जनवरी को मौसम खुश्क रहेगा। शीत हवाएं चलने तथा अलसुबह व देर रात्रि कहीं कहीं धुंध रहने की संभावना है। 31 जनवरी रात्रि से पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण राज्य में मौसम में बदलाव होगा। 31 जनवरी देर रात्रि व 1 फरवरी को ज्यादातर क्षेत्रों में हवाओं व गरज चमक के साथ कहीं हल्की व कहीं मध्यम बारिश हो सकती है। इसी के प्रभाव से 2 व 3 फरवरी को प्रदेश के उत्तरी व दक्षिणी जिलों में कहीं कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश होगी। 4 फरवरी से मौसम खुश्क रहेगा व शीत हवाएं चलने की संभावना है जिससे रात्रि तापमान में फिर से गिरावट आएगी।*
*-डॉ. मदन खीचड़, विभागाध्यक्ष, कृषि मौसम विज्ञान विभाग एचएयू हिसार*



फतेहाबाद। मोबाइल मार्केट में दुकानदारों को चार पहिया वाहन हटाने को लेकर निर्देश देते ट्रेफिक पुलिस कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## मोबाइल मार्केट में चार पहिया वाहनों की एंट्री होगी बंद

- शहर के सभी मुख्य बाजारों में लग रहे जाम को लेकर लिया एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पालिका बाजार स्थित मोबाइल मार्केट में चार पहिया वाहनों की एंट्री बंद होगी। ट्रैफिक थाना प्रभारी जयसिंह टीम के साथ पहुंचे और मोबाइल मार्केट के दुकानदारों को निर्देश दिए। एसएचओ ने कहा कि एंट्री प्वाइंट पर रेलिंग लगाई जाएगी। बड़े वाहन जाने से पार्किंग अव्यस्थित हो रही है। दुकानदार खुद ही व्यवस्था कर लें नहीं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। दुपहिया वाहनों को भी सही ढंग से खड़ा किया जाए। बता दें कि पालिका बाजार स्थित पालिका बाजार में बेतरतीब चार पहिया वाहनों के खड़ा रहने से सारा दिन यहां जाम लगा रहता है। मार्किट में आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मोबाइल मार्किट में जगह न मिलने पर लोग अक्सर मुख्य सड़क पर ही अपने वाहन खड़े कर बाजार में खरीददारी के लिए चले जाते हैं। रेड लाइट नजदीक होने और सडक़ों पर वाहन खड़ा होने से यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है। ऐसे में वीरवार को ट्रेफिक थाना प्रभारी मोबाइल मार्किट पहुंचे और दुकानदरों को मार्किट में चार पहिया वाहन न लाने के निर्देश दिए। दरअसल, केवल मोबाइल मार्किट ही नहीं बस स्टैण्ड से सटी एकमात्र खुली बाजार हंस मार्किट, फव्वारा चौक, थाना रोड से जवाहर चौक व हाइवे के दोनों ओर इन दिनों बड़ी संख्या में बड़ी सड़क पर ही खड़े रहते हैं। थाना रोड के दुकानदारों का मानना है कि इस पार्किंग का कोई वजूद नहीं रह गया। पार्किंग के बाहर नगरपरिषद के ठेकेदार ने किराये पर स्टालें लगवा रखी हैं।

**पैदल निकलना मुश्किल**

इसके अलावा पालिका बाजार के दूसरे हिस्से यानि गुरूनानक किताब घर के सामने भी लोगों द्वारा गाडियां खड़ी करने से यहां जाम लगा रहता है। शाम को तो हालात इस कदर बिगड़ जाते हैं तो यहां से पैदल निकलना तक मुश्किल हो जाता है। ऐसे में ट्रेफिक पुलिस द्वारा मोबाइल मार्किट से चार पहिया वाहनों की एंट्री बैन करने के फैसले को लोगों ने सही बताया है वहीं इसी शहर के अन्य बाजारों में भी लागू की है।

## नशीली दवाइयों सहित युवक गिरफ्तार



फतेहाबाद। नशीली दवाओं सहित गिरफ्तार युवक। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मेडिकल नशे की तस्करी करने वालों की धरपकड़ करते हुए सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से काफी मात्रा में नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान गुरजंट सिंह निवासी मुसाअली, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसआई सुखविंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुसाअली से बनावाली रोड पर खेत ढाणी सतपाल सिंह के सामने दबिश दी गई। इस दौरान एक युवक पुलिस वाहन को देखकर खेतों की ओर भागने लगा। शक के आधार पर पुलिस टीम ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम गुरजंट सिंह निवासी मुसाअली बताया।

**मामला दर्ज**

*पुलिस ने जब युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 100 नशीली गोलियां तथा 120 नशीले कैप्सूल बरामद किए गए, जो एनडीपीएस एक्ट के तहत कॉमर्शियल श्रेणी में आते हैं। इस संबंध में थाना सदर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।*

## फसलों के मुआवजे के लिए किसानों ने खोला मोर्चा

- ओलावृष्टि और शीतलहर से फसलों को हुआ नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में हाल ही में हुई बरसात, ओलावृष्टि और शीतलहर के कारण फसलों को हुए भारी नुकसान को लेकर किसान संगठनों ने सरकार से प्रभावित किसानों को तुरंत आर्थिक सहायता देने की मांग की है। आज पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान ओमप्रकाश हसंगा की अध्यक्षता में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कार्यालय पहुंचा। डीसी की अनुपस्थिति में किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसान संगठन ने मांग की है कि बरसात व ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत स्पेशल गिरदावरी करवाई जाए। ओलावृष्टि और ठंड से खराब हुई फसलों का उचित और जल्द मुआवजा दिया जाए।



फतेहाबाद। अधिकारी को ज्ञापन सौंपते पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल। फोटो: हरिभूमि

**आंदोलन होगा तेज**

इस प्रतिनिधिमंडल में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए, जिनमें मुख्य रूप से कमल बराड प्रधान, ब्लॉक भुना, मनप्रीत विक्की राज्य उप प्रधान, सुखा भंडाल सहसचिव, फतेहाबाद, गुरप्रीत खालसा शहरी प्रधान फतेहाबाद, छबील दास ढाणी छतरियां, आत्माराम, राधेश्याम, जस्सा साधनवास आदि शामिल रहे। किसान संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि कुदरत की मार ने किसानों की कमर तोड़ दी है। अगर सरकार ने जल्द ही विशेष गिरदावरी के आदेश देकर मुआवजे की प्रक्रिया शुरू नहीं की, तो संघर्ष समिति आगामी रणनीति तैयार कर आंदोलन को तेज करने पर मजबूर होगी।

## पुलिस ने चूरापोस्त सहित तस्कर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सीआईए कालांवाली ने गांव पक्का शहीदां से 4 किलो 334 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान बिंदर सिंह निवासी पक्का शहीदां जिला सिरसा के रूप में हुई है। सीआईए कालांवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गांव पक्का शहीदां बस अड्डा पर मौजूद थी कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि बिंदर सिंह नशा तस्करी की फिराक में भाखड़ा नहर पुल पपर आने वाला है। सूचना के अनुसार कार्रवाई की गई।

**4 किलो 334 ग्राम चूरापोस्त बरामद**



पुलिस गिरफ्त में चूरापोस्त तस्कर।

## पतंग उड़ाने में प्रयुक्त प्रतिबंधित मांझा के निर्माण, बिक्री व उपयोग पर रोक

- मानव जीवन की सुरक्षा, पक्षियों एवं पशुओं की रक्षा उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला प्रशासन व हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, फतेहाबाद क्षेत्र द्वारा केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 27 मार्च, 2023 को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 18(1)(बी) के अंतर्गत जारी निर्देशों के अनुपालन में पतंग उड़ाने में प्रयुक्त नायलॉन, प्लास्टिक, सिंथेटिक तथा कांच/धातु लेपित मांझा के निर्माण, बिक्री, भंडारण, परिवहन एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी कविराज ने बताया कि उक्त निर्देशों का उद्देश्य मानव जीवन की सुरक्षा, पक्षियों एवं पशुओं की रक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करना है। प्रतिबंधित मांझा अत्यंत धारदार एवं खतरनाक होता है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों, पैदल यात्रियों, बच्चों एवं आम नागरिकों को गंभीर चोट या मृत्यु तक का खतरा बना रहता है। साथ ही यह पक्षियों की मृत्यु, विद्युत लाइनों को क्षति एवं पर्यावरण प्रदूषण का भी कारण बनता है।

## लंबित मांगों को लेकर हैफेड के अनुबंधित कर्मियों ने किया प्रदर्शन

- उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हैफेड विभाग में कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों ने आज अपनी लंबित मांगों और नौकरी की सुरक्षा को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। हरियाणा अनुबंधित कर्मचारी संघ (हैफेड) और भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले एकजुट हुए कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हैफेड विभाग के अनुबंधित कर्मचारियों को नौकरी सुरक्षा पोर्टल पर ओटीपी न मिलने की समस्या का समाधान करने, अनुभव के अनुसार वेतन निर्धारण व बकाया एरियर का भुगतान करने की।

**प्रमुख मांगें**

संघ ने मांग की है कि नौकरी सुरक्षा पोर्टल पर ओटीपी न आने की समस्या का तत्काल समाधान हो। हैफेड के सभी पात्र अनुबंधित कर्मचारियों को नौकरी सुरक्षा का लाभ दिया जाए। कर्मचारियों के अनुभव के अनुसार वेतन निर्धारित किया जाए व लंबित बकाया एरिया का भुगतान जल्द हो। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सुरेश डांगरा, कैशियर दिलबाग, साहब सिंह, भारतीय मजदूर संघ फतेहाबाद के कार्यकारिणी सलाहकार सतबीर शर्मा सहित भारी संख्या में अनुबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे।

## समाधान शिविर में 284 पेंशन कटने से संबंधित शिकायतें हुई प्राप्त

# बुजुर्ग बोले, पेंशन कटने के बाद रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में हो रही है कठिनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर में वीरवार को प्रशासनिक समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। खास तौर पर कटी हुई सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। शिविर में कुल 284 लोगों ने पेंशन कटने से संबंधित शिकायतें दर्ज करवाई, जिनमें 250 ग्रामीण तथा 34 शहरी क्षेत्र के लाभार्थी शामिल रहे। यह समाधान शिविर एडीसी कार्यालय फतेहाबाद से जोनल मैनेजर कनुज कुमार के नेतृत्व में आई टीम द्वारा लगाया गया।



भूना। समाधान शिविर में पहुंचे पेंशनधारक आवश्यक दस्तावेज दिखाते हुए।

**लोगों से अपील, शिविर का उठाएं लाभ**

ग्रामीण क्षेत्रों से आए बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों ने बताया कि पेंशन कटने के बाद उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। प्रशासनिक शिविर लगने से उन्हें उम्मीद जगी है कि जल्द ही उनकी पेंशन बहाल हो जाएगी। वहीं शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों ने भी शिविर को उपयोगी बताते हुए प्रशासन का आभार जताया। अधिकारियों ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समाधान उनके नजदीक ही किया जा रहा है। आगे भी इसी तरह के शिविर लगाए जाएंगे, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे अपने दस्तावेज अपडेट रखें और किसी भी समस्या के समाधान के लिए ऐसे शिविरों का लाभ उठाएं। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग मुकेश कुमार,अमित कुमार चौबारा, आशुतोष सीपीएलओ मोची वाली, सचिन टिब्बी,दहमान गीता यादव, ढाणी सांचला-भोजराज से ज्योति, विकास कुमार, हरदीप खिचड़ आदि मौजूद थे।

## नप सिरसा के उपाध्यक्ष पद के लिए 18 को होगा चुनाव

- प्रशासन ने तैयारियां की पूर्ण, नप कार्यालय में होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

नगरपरिषद सिरसा के उपाध्यक्ष पद का चुनाव आगामी 18 फरवरी को करवाए जाएगा। चुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उपमंडल अधिकारी (नागरिक) राजेंद्र कुमार ने बताया कि उपाध्यक्ष पद का चुनाव के लिए नगर परिषद सिरसा कार्यालय के मीटिंग हॉल में सुबह 11 बजे बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी पार्षदों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। इसी बैठक के दौरान चुनाव संबंधी दिशा-निर्देश दिए जाएंगे और नामांकन से लेकर परिणाम घोषणा तक की पूरी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उपाध्यक्ष पद के इच्छुक उम्मीदवार एक प्रस्तावक और एक समर्थक के साथ नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। चुनाव प्रक्रिया के तहत सुबह 11 से 12 बजे तक बैठक एवं चुनाव निर्देश बताए जाएंगे। दोपहर 12 से 12:30 बजे तक नामांकन पत्रों की प्राप्ति, 12:30 से 12:50 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके पश्चात 12:50 से एक बजे तक नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकेंगे, एक से 1:30 बजे तक मॉक पोल करवाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### झुग्गी-झोपडियों में बांटी खाद्य सामग्री

**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय सामाजिक विकास समिति की राष्ट्रीय महासचिव एवं अग्रोहा विकास ट्रस्ट की अध्यक्ष नेहा मित्तल व उनकी टीम ने आज लघु सचिवालय के सामने स्थित झुग्गी-झोपडियों में जाकर वहां रहने वाले गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बीच खाने-पीने का सामान वितरित किया। नेहा मित्तल ने झुग्गी निवासियों की समस्याओं को भी जाना और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री भेंट करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को हमेशा वंचित वर्ग की सहायता के लिए आगे आना चाहिए।

### धुंध में लिपटी आई सुबह रात्रि पारा फिर गिरा

**हिसार।** जिले में हल्की बारिश व ओलावृष्टि के कारण ठंड एक बार फिर से बढ़ गई है। गुरुवार को रात्रि पारा लुढ़क कर 5.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जोकि बुधवार के मुकाबले करीब 6 डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम में आए बदलाव के साथ सुबह के समय हिसार व आस पास के क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा। जैसे-जैसे दिन चढ़ने लगा धूप खिल गई जिससे दिन के समय ठंड से मामूली राहत महसूस की गई। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आगामी 4 फरवरी तक मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है।

### मॉक ड्रिल व प्रशिक्षण का एसपी ने किया निरीक्षण

**हांसी।** पुलिस लाइन में पुलिस जवानों को नियमित रूप से प्रशिक्षण, हथियार अभ्यास तथा मॉक ड्रिल करवाई जा रही है। पुलिस जवानों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण करने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन गुरुवार को स्वयं पुलिस लाइन पहुंचे और जवानों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जवानों एवं लाइन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी ईमानदारी, वफादारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाएं। उन्होंने जवानों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए टीम भावना अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी जवान आपसी समन्वय बनाए रखते हुए कार्य करें।

### विशेष योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**हांसी।** पुलिस लाइन हांसी में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा उन्हें तनाव-मुक्त, संतुलित एवं सकारात्मक कार्यशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा उपस्थित पुलिस कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास कराया गया।

## गांव मिठनपुरा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सुनीं शिकायतें

# खाद के साथ अन्य उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ करें कार्रवाई: एडीसी



**सिरसा।** एडीसी रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कोई भी विक्रेता किसान को खाद के साथ अन्य कोई उत्पाद देता है, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएं और नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि किसानों को इस प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। ये निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने गांव मिठनपुरा में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में 72 से अधिक समस्याएं व शिकायतें सुनी गई। ग्रामीणों की ओर से गांव में ही खाद की उपलब्धता न होने व विक्रेताओं द्वारा खाद के साथ अन्य खरीदने की शिकायत रखी। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जो भी विक्रेता है जिन्होंने खाद के साथ अन्य सामान किसान को दिया है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाकर उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन ऐसी समस्याओं को लेकर गंभीर है इसलिए आगे से ऐसी कोई शिकायत न आए, इसके पुख्ता प्रबंध किए जाए।

### ये शिकायतें प्राप्त, अधिकारियों को निर्देश

ढाणियों में बिजली की समस्या को लेकर आई शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने बिजली विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जिस भी नॉर्म के तहत ढाणियों में बिजली की उपलब्धता हो सकती है उस बारे ढाणी के लोगों को साथ लेकर इस बारे आगामी कार्यवाही की जाए। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सरपंच अजय सोलंकी ने गांव में विकास कार्यों की मांग रखी, जिन पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए पूरा करवाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा गांव के साथ लगते गांव किशनपुरा, खारी सुरेरा व ढाणी शेरावाली आदि के निवासियों ने भी जिला प्रशासन के समक्ष जन समस्याएं रखी, जिन पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

### ग्रामीणों को किया संबोधित

वही सिरसा पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पुलिस विभाग से संबंधित कोई शिकायत या समस्या न आना, इस बात का प्रमाण है कि गांव में आपसी भाईचारा व शांतिपूर्ण माहौल है। गांव में जितना भाईचारा होगा, वो गांव उतनी ही अधिक उन्नति व तरक्की करता है। इसका युवाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और वे सही दिशा में आगे बढ़ते है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम ऐलनाबाद पारस भागोरिया, जीएम रोडवेज अनीत कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता सांई, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी, जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार, रेडक्रॉस सचिव लाल बहादुर बेनीवाल, डीडी पशुपालन डॉ. सुखविंदर सिंह, बीडीपीओ कार्यालय से रोशन लाल सहित विभिन्न विभागों का अधिकारी मौजूद थे।

# नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ

## हवन के साथ जैन स्कूल में नई इमारत का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सेठ सागरमल सुराणा जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ एवं विद्यालय की नई इमारत का उद्घाटन हवन-पूजन के साथ संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह के दौरान सेठ सागरमल सुराणा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष मखनलाल गोयल व कुसुमलता ने संयुक्त रूप से हवन कुंड में आहूति दी। विद्यालय प्रबंधक हनुमानमल गुजरानी तथा ट्रस्टी देवेंद्र डागा सहित प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों ने भी हवन में आहूति दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेणु बाला ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल विद्यालय परिवार को एक सूत्र में बांधते हैं, बल्कि एक सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण भी करते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय का नया भवन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए निर्मित किया गया है, जहां स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से आधुनिक तकनीक का लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा और उनकी सीखने की प्रक्रिया अधिक रोचक एवं प्रभावशाली बनेगी।



**सिरसा।** जैन स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर हवन यज्ञ करते हुए।

### चेक बाउंस का वांछित धरा, नोटिस पर भी नहीं आया था अदालत

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़े आरोपी को गांव शाहपूर बेगू क्षेत्र से काबू किया है। पीओ स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर जनक राज ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नही हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत ने आरोपी सुरजीत सिंह को बीती 25 अगस्त 2025 को पीओ घोषित किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में बीएनएस की धारा 209 के तहत मामला दर्जकर जांच सौंपी गई थी।

# पूर्व राज्यपाल ने सीएम से की शिष्टाचार भेंट

## मुलाकात में जनहित कार्यों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनीष सिंगला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात। यह मुलाकात औपचारिक होते हुए भी विकास के मुद्दों पर केंद्रित रही, जिसमें विशेष रूप से सिरसा जिले के ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े जनहित कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रो. गणेशी लाल व मनीष सिंगला ने सिरसा ग्रामीण क्षेत्र की वर्तमान विकास आवश्यकताओं, विशेषकर शिक्षा और ग्रामीण बुनियादी ढांचे से जुड़े लंबित कार्यों का विस्तृत विवरण मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के कई सरकारी स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन, मरम्मत, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, पेयजल, शौचालय, खेल मैदान तथा अन्य शैक्षणिक संसाधनों की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। इन मांगों को स्थानीय स्तर पर स्कूल प्रबंधन समितियों और ग्राम पंचायतों द्वारा उठाया गया है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना

# कारीगरों एवं शिल्पकारों को सशक्त बनाना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य हाथों और औजारों के माध्यम से कार्य करने वाले पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों की पहचान कर उन्हें सशक्त बनाना है। योजना के तहत उन कारीगरों और शिल्पकारों को लाभ दिया जाएगा जो 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं और असंगठित क्षेत्र में स्व-रोजगार के आधार पर परिवार आधारित पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा, योजना की पात्रता शर्तों के अनुसार लाभार्थी ने पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्र या राज्य सरकार की किसी क्रेडिट-आधारित योजना जैसे पीएमईजीपी, पीएम स्वनिधि या मुद्रा योजना के तहत ऋण नहीं लिया होना चाहिए। हालांकि, जिन लाभार्थियों ने मुद्रा या स्वनिधी योजना के अंतर्गत लिया गया ऋण पूर्ण रूप से चुका दिया है, वे पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पात्र माने जाएंगे। योजना के अंतर्गत पंजीकरण और लाभ एक परिवार के केवल एक सदस्य तक सीमित रहेगा। यहां परिवार से आशय पति, पत्नी और अविवाहित बच्चों से है। वहीं, सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्य इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे।

### आभूषण और नकदी से भरा पर्स चोरी

**सिरसा।** शहर में एक महिला का आभूषण और नकदी से भरा पर्स चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला सामान खरीदने के लिए बाजार आई थी और ई-रिक्शा में बैठकर जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में उसे दो महिलाओं ई-रिक्शा में मिली और चुपके से उन दोनों ने उसका पर्स निकाल लिया। पुलिस को दी शिकायत में गांव जमाल निवासी ज्योति ने बताया कि वह सिरसा शहर में सामान की खरीदारी करने के लिए आई हुई थी। उसने सांगवान चौक से ई-रिक्शा लिया था। कुछ दूरी पर आगे दो महिलाएं पुराना एचडीएफसी बैंक के पास ई-रिक्शा में सवार हुई, जिसमें से एक की उम्र 20 साल व दूसरी 40 साल की थी। सुभाष चौक के पास उसने ई-रिक्शा से उतरना था और वहां पर ई-रिक्शा वाले को किराया देने लगी।

# पनिहारी में गूंजी पर्यावरण बचाने की पुकार

## राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह के अंतर्गत समिति ने जल संरक्षण की जगाई अलख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पनिहारी में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ -2.0 और राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह के अंतर्गत मानव सेवा समिति ने जल और पर्यावरण संरक्षण का अलख जगाई। इस अवसर पर आयोजित एक तपस्वी का दर्द कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुभाष चंद्र ने अपनी साइकिल यात्रा के अनुभवों के साथ सूखती नदियों और कटते जंगलों का के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पर्यावरण की रक्षा कोई अहसान नहीं, बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ी को ज़हर से बचाने की कोशिश है। जल एवं स्वच्छता मिशन के जिला सलाहकार राकेश सोगलान और रमेश कुमार ने पानी के गिरते स्तर पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज हम जिस पानी को बर्बाद कर रहे हैं, वह आने वाले समय में बच्चों की आंखों के आंसू बनकर बहेगा। जल संरक्षण के साथ-साथ नशे के विरुद्ध और देशभक्ति के संकल्प ने इस सत्र को और भी भावुक बना दिया। प्रिंसिपल शालू भारद्वाज और इको क्लब इंचार्ज शिखा मेहता के मार्गदर्शन में स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने शपथ ली कि वे अब जन्मदिन पर केक नहीं, बल्कि एक यादगार पौधा लगाएंगे।



**सिरसा।** बच्चों को जल और पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताते हुए।

### कुलदीप सिंह ने पर्यावरण बचाने की जानकारी दी

समाजसेवी संस्था के सचिव संदीप बांसल ने कहा कि विरासत में मिली जमीन और पैसा खत्म हो सकता है, लेकिन अगर हम बच्चों को साफ हवा और पानी दे गए, तो यही उनकी सबसे बड़ी वसीयत होगी। कुलदीप सिंह ने अपने शब्दों से पूरे माहौल को भक्ति और शक्ति के भाव से भर दिया। कार्यक्रम में सुनील गोदारा, अमित पारीक, दीपक कुमार, संतोष मेहला, नेहा भानुशाली, बाला रानी, किरण और दिव्या सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया कागदाना मंदिर का स्थापना दिवस

## मंदिर परिसर को विभिन्न प्रकार के फूलों व विद्युत लड़ियों से सुसज्जित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

प्राचीन मंदिर श्री बाबा रामदेव जी महाराज कागदाना में माघ सुदी दशमी को 216वां स्थापना महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पूरे मंदिर परिसर को विभिन्न प्रकार के फूलों व विद्युत लड़ियों से सुसज्जित किया गया। मंदिर के पुजारी अशोक पारीक ने बताया कि सुबह श्रृंगार आरती के पश्चात बाबा को छप्पन भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया गया, जोकि बाबा की ईच्छा तक चलता रहा। भजन गायक पटेल मालिया द्वारा अपनी मधुर वाणी से बाबा की महिमा का भजनों के माध्यम से गुणगान किया गया। मंदिर में अनेक प्रकार की झांकियां भी निकाली गई। भक्तों द्वारा चांदी के छत्र व सवामणि का प्रसाद बाबा को अर्पित किया गया। वहीं मेला गाऊड में बच्चों के लिए झूले, खिलौने, मिठाईयां व फलों की दुकानों ने मेले की शोभा बढ़ाई। सुरक्षा की दृष्टि के मद्देनजर नाथूसरी चौपरा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मन्दिर परिसर और मेला गाऊंड की सुरक्षा सुनिश्चित की। समस्त ग्रामीणों व मुख्य रूप से युवाओं और महिलाओं ने मंदिर में सुचारू रूप से व्यवस्था बनाने के लिए सहयोग किया। संस्थापक लाला रतीराम भोलूसरिया परिवार ने पुलिस कर्मियों व युवाओं तथा महिलाओं का सहयोग के लिए धन्यवाद करते हुए उन्हें सम्मानित किया।



**सिरसा।** दर्शनों के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु।

# भाजपा में आपसी खींचतान से विकास हाशिए पर: राजकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि भाजपा नगरपार्षद द्वारा अपनी ही पार्टी के नगरपरिषद चेयरमैन के खिलाफ दिए गए धरने व इसके बाद भाजपा पार्षदों की आपसी खींचतान से इस बात पर मोहर लग गई है कि भाजपा को शहर के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा शासित नगर परिषद में शहर का विकास हाशिये पर है। भाजपा पार्षदों के बीच आपसी कलह से शहर का हाल बेहाल हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्षद दो गुटों में बंट गए हैं। एक गुट दूसरे पर आरोप लगा रहा है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि ने कहा कि हर कोई अपने वारे-न्यारे करने में लगा हुआ है जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। राजकुमार शर्मा ने कहा कि सत्ताधारी दल के पार्षदों को अपने क्षेत्र की समस्याओं से की कोई चिंता नहीं। इसी कारण जरूरी योजनाएं जानबूझकर लटकाई जा रही हैं। भाजपा पार्षदों का एक गुट दूसरे गुट के वार्ड में विकास के कामों को बाधित कर रहा है। नतीजा यह है कि शहर का विकास रुक गया है और समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। शर्मा ने कहा कि कई वार्डों में अधूरे निर्माण कार्य महीनों से पड़े हैं।

### सड़क हादसे का शिकार हुआ दंपति, बेटा-बेटी के आने पर हुआ अंतिम संस्कार

**रतिया।** पंजाब के भिखी कस्बा के पास सडक़ हादसे का शिकार हुए दंपति का वीरवार को उनके पैतृक गांव लठेरा में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया जहां पर सैंकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व मृतक उपकार सिंह व सविंदर कौर के लडक़े गुरजोत सिंह व लडक़ी विदेश से देर रात वापस लौटे। इसके बाद मृतक दंपति के पार्थिव शरीर को पहले रतिया के वार्ड नंबर 9 में स्थित उनके निवास स्थान पर लाया गया। उसके बाद पैतृक गांव लठेरा में अंतिम संस्कार कर दिया गया।



# भाजपा में नई ज्वाईनिंग के लिए कमेटी का गठन, तीन नेताओं को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा हाई कमान ने संगठन को सशक्त बनाने तथा पार्टी में नए लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ज्वाईनिंग कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में भाजपा के फतेहाबाद जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा, जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा को सदस्य नियुक्त किया गया है। ज्वाईनिंग कमेटी के सदस्य पार्टी में शामिल होने वाले नए व्यक्तियों की सदस्यता, भूमिका एवं संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श कर पार्टी हाई कमान को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही भाजपा में नई ज्वाईनिंग को प्रभावी रूप से सुनिश्चित करने का कार्य भी कमेटी द्वारा किया जाएगा। प्रवीण जोड़ा ने कहा कि भाजपा राष्ट्र निर्माण और जनसेवा का सशक्त मंच है, और संगठन की मजबूती के लिए नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना प्राथमिकता है।

## सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत छात्राओं को किया जागरूक

# महिला कॉलेज में नि:शुल्क वितरित किए हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सडक़ सुरक्षा माह के अंतर्गत वीरवार को सीएमजी राजकीय महिला कॉलेज, भोडिया खेड़ा में आरटीए विभाग और रोड सेफ्टी संगठन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं को निशुल्क हेलमेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आरटीए संजय बिश्नोई ने कहा कि सडक़ सुरक्षा माह के दौरान सामाजिक संगठनों के सहयोग से हेलमेट वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि युवाओं में विशेषकर छात्राओं को सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।



**फतेहाबाद।** छात्राओं को हेलमेट वितरित करते हुए आरटीए सचिव संजय बिश्नोई।

### यातायात नियमों का पालन करना जरूरी

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी अमरजीत भादू ने की। उन्होंने कहा कि सडक़ सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। रोड सेफ्टी संगठन के प्रधान सुखदेव कालापीला ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत करीब 200 कॉलेज छात्राओं को हेलमेट वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षित यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं को रोकना है। कार्यक्रम के दौरान आरटीओ विभाग में टीएसआई शिल्पा चौपड़ा द्वारा छात्राओं को ट्रैफिक नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल लखबीर कौर, ट्रैफिक एसएचओ जय सिंह, आरटीओ विभाग में टीआई विकास ठकराल, विनोद गर्ग, ईश मेहता, सचिन बिश्नोई, अंश नारंग, प्रवीण धींगड़ा, आशीष सर्राफ, हिमांशु गेरा, अजय मंगल, बंटी गर्ग आदि मौजूद रहे।

**बा अदालत जनाब ए. सी.-II ग्रेड कम उप तहसीलदार साहब, भट्टूकलां**

नोटिस बनाम जनरल पब्लिक व फूलवती विधवा व सुमन, मिन्टू रानी पुत्रियाँ पृथ्वी सिंह पुत्र गणपत निवासीयान किरढान उप तहसील भट्टू कलां तहसील वा जिला फतेहाबाद।

**विषय : वसीयतनामा के आधार पर इंतकाल विरासत करने बारे।**

उपरोक्त विषय पर एक दरखास्त वा बयान हल्फिया सुनील कुमार पुत्र सरजीत सिंह उर्फ सुरजीत सिंह पुत्र भगत राम निवासी किरढान उप तहसील भट्टू कलां तहसील वा जिला फतेहाबाद ने एक वसीयतनामा प्रलेख नंबर 90 दिनांक 17-1-2023 सब रजिस्ट्रार भट्टू कलां मुतवफी पृथ्वी सिंह पुत्र गणपत राम पुत्र बीरू (मृत्यु तिथि 21-10-2025) निवासी किरढान उप तहसील भट्टू कलां तहसील वा जिला फतेहाबाद का इंतकाल दर्ज वा मंजूर करवाने बारे दी है जिस पर कार्यवाही करते हुए आमजन को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वसीयतनामा का इंतकाल विरासत दर्ज वा मंजूर करने में किसी को कोई एतराज है तो वह इस नोटिस जारी होने के 15 दिन के अन्दर-अन्दर अपने दावे/आपत्ति इस न्यायालय में असलतन या वकालतन प्रस्तुत करे अन्यथा उक्त वसीयतनामा के आधार पर इंतकाल विरासत बाहक संदीप कुमार, सुनील कुमार पुत्रान सरजीत सिंह उर्फ सुरजीत सिंह पुत्र भगत राम निवासीयान किरढान कर दिया जाएगा और बाद मियाद कोई दावे/आपत्ति मान्य ना होगा और एक पक्षीय निर्णय कर दिया जाएगा। यह नोटिस आज दिनांक 27-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर व इस न्यायालय की मोहर सहित जारी किया गया।

–उप तहसीलदार, भट्टू कलां (फतेहाबाद)

## खबर संक्षेप


सिरसा। भजनों की प्रस्तुति देते गायिका।

### श्याम महोत्सव में जमकर झूमे भक्त

**सिरसा।** श्री खाटू श्याम धाम में श्री श्याम परिवार ट्रस्ट द्वारा मनाए जा रहे 18वें स्थापना महोत्सव के तीसरे दिन श्री श्याम मंडपम में श्री श्याम भजन गंगा आयोजित की गई। बाबा के दरबार को सुंदर तरीके से विद्युत लड़ियों व फूलों से सजाया गया। इस मौके पर कलकता से लाए गए फूलों व ड्राईफूरट से बाबा का अलौकिक दरबार सजाया गया। श्री श्याम भजन गंगा का आगाज श्याम सुंदर गुप्ता, राकेश वत्स व मनदीप व अन्य सदस्यों द्वारा गणेश वंदना से किया गया। इसके बाद हनुमान जी व श्याम बाबा के अनेक भजनों की प्रस्तुति दी।

### प्राथमिक उपचार-आपदा प्रबंधन पर दिया प्रशिक्षण

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा वीरवार को प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. मंजू देवी ने प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हृदय गति रुकने या गंभीर दुर्घटना की स्थिति में सीपीआर जैसी तकनीक जीवन रक्षक सिद्ध हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में सही समय पर दिया गया प्राथमिक उपचार किसी व्यक्ति के जीवन को बचा सकता है। उन्होंने दुर्घटनाओं, आगजनी, भूकंप, बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के समय अपनाए जाने वाले आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।

### बाबा रामदेव मेला श्रद्धा व उत्साह के साथ संपन्न

**डिंग।** डिंग मंडी पंचपरमेश्वर धाम डिंग मंडी स्थित बाबा रामदेव मंदिर में माघ सुदी दशवीं पर मेले का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। मेले में डिंग मंडी सहित आसपास के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह करीब सवा नौ बजे मंदिर प्रांगण में विधिवत हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर बाबा रामदेव से सुख-समृद्धि की कामना की। हवन-यज्ञ के उपरांत मेले की विधिवत शुरुआत हुई। मेले में विभिन्न प्रकार की स्टॉलें लगाई गईं, जहां महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीदारी की।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित आरोपी दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि गांव बप्पा निवासी राजकुमार पुत्र भागू राम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि खुराना अस्पताल के बाहर मोटरसाइकिल खड़ा कर अस्पताल में चला गया था। कुछ समय बाद वापस आकर देखा तो बाइक गायब था। पीड़ित की शिकायत पर सिविल लाइन थाना में बाइक चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। जांच के दौरान थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी विकास पुत्र प्रहलाद निवासी गांव बप्पां जिला सिरसा को चोरीशुदा बाइक सहित वैदवाला रोड सिरसा क्षेत्र से काबू कर लिया।

### डिंग में एक ही रात में दो भैंस चोरी, दी शिकायत

**डिंग।** क्षेत्र में बीती रात दो भैंस चोरी हो जाने से ग्रामीणों में भय और आक्रोश है। जानकारी अनुसार डाक विभाग में पोस्टमैन के पद पर कार्यरत मदनलाल शर्मा तथा उनके पड़ोसी संजय कुमार की भैंसें बुधवार रात चोरी हो गई। पीड़ितों ने बताया कि रोजाना की तरह वे शाम को पशुओं को बांधकर घर चले गए थे। सुबह जब वे चारा डालने पहुंचे तो दोनों की भैंसें वहां से गायब मिली। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों और महिलाओं ने बताया कि जहां से भैंसें चोरी हुईं।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में कर्मचारियों का प्रदर्शन

## सांकेतिक भूख हड़ताल कर जताया विरोध, धरना स्थल पर जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

■ सरकारी नीतियों से नाराज कर्मचारी हुए एकजुट

ऑल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर आज जिले के बिजली कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरी। कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध, उच्च न्यायालय के फैसले अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, एक्सग्रेशिया पॉलिसी संशोधित करने सहित अन्य मांगों को लेकर अधीक्षक अभियंता कार्यालय पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक सांकेतिक भूख हड़ताल की। बिजली कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी कर रोष जताया। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्कल सचिव भूप सिंह भड़ोलांवाली ने की व संचालन फतेहाबाद यूनिट सचिव रामनिवास शर्मा ने किया।


फतेहाबाद। मांगों को लेकर भूख हड़ताल करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

यूनियन के नेताओं ने स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार लंबे समय से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को तुरंत पक्का किया जाए। इसके अलावा, कर्मचारियों ने एक्सग्रेशिया पॉलिसी में संशोधन करने और ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करने की पुरजोर मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में बिजली कर्मचारियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। राज्य कमेटी के प्रतिनिधि विष्णु बिश्नोई ने भूख हड़ताल पर बैठने वाले 7 पदाधिकारियों को माला पहनाकर अनशन की शुरुआत करवाई। अनशन पर बैठने वालों में भूप सिंह भड़ोलांवाली, रामनिवास शर्मा, सत्यवान वर्मा, मुकेश पोहल, धर्मपाल, सुखदर्शन और सुरेश चंद शामिल रहे। कर्मचारियों संबोधित करते हुए विष्णु बिश्नोई ने आगामी कार्यक्रमों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी 9 फरवरी को हिसार चीफ इंजीनियर कार्यालय पर विशाल भूख हड़ताल की जाएगी।

12 फरवरी को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा और अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भी बिजली कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। हड़ताल के माध्यम से पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कच्चे कर्मचारियों का नियमितीकरण, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निजीकरण रोकना, जनसंख्या के आधार पर नए पद सृजित कर पक्की भर्ती करना, पब्लिक सेक्टर और श्रम कानूनों की सुरक्षा आदि मांगों को उठाया जाएगा। इस अवसर पर सभी सब-यूनिटों के पदाधिकारी और भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे, जिन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।


फतेहाबाद। यूजीसी बिल का विरोध करते श्री ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी।

## यूजीसी बिल का विरोध, श्री ब्राह्मण सभा फतेहाबाद ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

■ बिल पर पुनर्विचार न करने पर दी आंदोलन की चेतावनी

श्री ब्राह्मण सभा फतेहाबाद के प्रधान रामनिवास शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी बिल का कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि यह बिल शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वाला है और इससे विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर सीधा असर पड़ेगा। शर्मा ने कहा कि यूजीसी बिल लागू होने से उच्च शिक्षा में केंद्रीकरण बढ़ेगा, जिससे राज्यों के अधिकार सीमित हो जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बिल शिक्षकों, छात्रों और शिक्षण संस्थानों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण करना है, लेकिन यह बिल उस मूल भावना के विपरीत है। शर्मा ने सरकार से मांग की कि यूजीसी बिल को तुरंत वापस लिया जाए और सभी संबंधित पक्षों—शिक्षाविदों, शिक्षकों व छात्रों—से विचार-विमर्श के बाद ही कोई निर्णय लिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस बिल पर पुनर्विचार नहीं किया तो समाज के सभी वर्ग मिलकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर श्री ब्राह्मण सभा के उपप्रधान अजय शर्मा एडवोकेट, महासचिव बजरंग शर्मा, सचिव विकास शर्मा एडवोकेट, लक्ष शर्मा, हरिराम, मास्टर राजेंद्र प्रसाद, डॉ. नीरज शर्मा, रोहतास शर्मा सहित सभी सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में यूजीसी बिल का विरोध किया और सरकार से इसे वापस लेने की अपील की।

## महिला कॉलेज में ब्यूटी टिप्स कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

■ छात्राओं को दिए ब्यूटिशियन के क्षेत्र में करियर के टिप्स

राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित साप्ताहिक ब्यूटी टिप्स कार्यशाला वीरवार को संपन्न हो गई। महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. कपिल सैनी ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रशिक्षक कमलजीत कौर ने ब्यूटी के क्षेत्र में प्रचलित नवीन तकनीकों की जानकारी देते हुए छात्राओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने बताया कि ब्यूटी इंडस्ट्री में दक्षता प्राप्त कर छात्राएं अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकती हैं। प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने छात्राओं से कहा कि ऐसी कार्यशालाएं छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर इसे व्यवहारिक जीवन में अपनाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया।


सिरसा। छात्राओं को ब्यूटी टिप्स बताते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पपीहा पार्क में साफ-सफाई की उठाई मांग

■ समाधान शिविर में आत्माराम ने रखी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया ने लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना। समाधान शिविर में फतेहाबाद निवासी सुरेंद्र सिंह ने मकान का टैक्स माफ करवाने, बीघड रोड निवासी शुभम गर्ग ने दुकान के आगे लोहे के पोल को साइड में लगवाने, भट्टू कलां निवासी देवीलाल ने प्लाट से गुजर रही नाजायज बिजली की तारों को हटवाने, ब्रह्मणवाला निवासी किरनदीप कौर ने आधार कार्ड का समाधान करवाने, बबली ने एपीएल कार्ड से बीपीएल बनवाने, चिंदड़ निवासी सतीश ने आरसीसी पाइपलाइन हटवाने तथा आत्मा राम ने पपीहा पार्क में साफ सफाई करवाने संबंधी अपनी शिकायत रखी।


फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया। फोटो : हरिभूमि

### शिविर का लाभ उठाएं

कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया ने बताया कि लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में सोमवार व वीरवार को कार्यदिवस के दिन प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं मानिटरिंग करते हैं और समाधान शिविर से जुड़ते भी हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को गंभीरता से लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।


फतेहाबाद। मुख्यअतिथि जगदीश शर्मा को सम्मानित करते समिति सदस्य।

### 'के बाबो हिंदुआ पीर कहलाऔ, रूणेचा नगर बसायों' भजन पर खूब झूमे श्रद्धालु

**फतेहाबाद।** श्री बाबा रामदेव सेवा समिति शक्ति नगर की ओर से माघ माह की बड़ी चांदनी दशमी के उपलक्ष्य में बाबा रामदेव महाराज का अर्धवार्षिक जम्मा-जागरण आयोजित किया गया। जम्मा जागरण का शुभारंभ भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं अपीलीय ऑथोरिटी के सदस्य जगदीश राय शर्मा व समिति प्रधान रमेश जोइया ने संयुक्त रूप से बाबा रामदेव महाराज की पावन व सांची जोत प्रज्ज्वलित करके किया। ज्योत प्रज्ज्वलित होते ही श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की महिमा में खूब जयकारे लगाकर आसपास के माहौल को धार्मिकमय कर दिया। श्रद्धालुओं ने जोत के दर्शन कर माथा टेका और मन्नतें मांगी। जम्मा जागरण में पधारे बाबा रामदेव महाराज के कथावाचक एवं जम्मा गायक भगत रोहताश और जम्मा गायक जय सिंह दौलतपुरियां ने बाबा रामदेव महाराज की महिमा में भजनों की गंगा प्रवाहित की। उनके द्वारा गाए गए 'अरे रूण झूण बाजे घूंघरा, छम्म छम्म बाजे घूंघरा, नीले री असवारी आवे, आवे रामा पीर, रामा कहूं के रामदेव, हीरा कहूं के लाल, जाने मिलया रामदेव तो बाने कीन्या नैहाल, कै बाबा हिंदुआ पीर कहलाऔ, रूणेचा नगर बसायो, चोखी घड़िया में आ गयो तंदूरा रा तार बजाए गयो' आदि भजनों पर श्रद्धालुओं ने खूब झूमे। समिति की ओर से मुख्य अतिथि जगदीश राय शर्मा को सम्मानस्वरूप शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामनिवास शर्मा, जोनी गहलोत, राजकुमार सैनी, राकेश जोइया, बनवारी लाल गहलोत, सुरेंद्र डींगवाल, चतर सिंह, शम्मी रत्ति, आर्यन आहुजा, मनोज चायल, किशन लाल चौहान, राधेश्याम चायल, विरेन्द्र बाली मित्तल, हरीश गहलोत, कमलकांत डाबी, पुजारी सोनू शर्मा, जश्न सेठी, हार्दिक आहुजा, नंद लाल वर्मा, ओमप्रकाश मोंगा आदि मौजूद रहे।

## बीएड कॉलेज के स्वयंसेवकों ने किया अग्रोहा धाम का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

■ महाराजा अग्रसेन के जीवन और आदर्शों से लें प्रेरणा

एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का तृतीय दिवस शैक्षिक भ्रमण एवं सांस्कृतिक अनुभवों से भरपूर रहा। तृतीय दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान प्रणाली कम्यूनिटी केयर क्लब एवं टूर क्लब के संयुक्त तत्वाधान में स्वयंसेवकों को अग्रोहा धाम भ्रमण हेतु ले जाया गया। इस दौरान छात्राओं ने अग्रोहा धाम के ऐतिहासिक महत्व को जाना तथा वहां की सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानकारी प्राप्त की। स्वयंसेवकों ने मंदिर में दर्शन किए तथा वहां के पुजारी से संवाद कर धार्मिक एवं ऐतिहासिक तथ्यों को समझा। इसके बा स्वयंसेवकों ने अग्रोहा धाम तथा उसके आस-पास की प्राकृतिक पहाड़ियों का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य स्वयंसेवकों में सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और पर्यावरणीय जागरूकता विकसित करना था। अग्रोहा धाम में स्वयंसेवकों ने महाराजा अग्रसेन के जीवन, आदर्शों एवं सामाजिक समरसता के संदेश को समझा। पहाड़ियों के भ्रमण के दौरान स्वयंसेवकों ने प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संतुलन के महत्व पर चर्चा की। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवक शीतला माता मंदिर पहुँचे, जहाँ प्राकृतिक हरियाली एवं सुंदर वातावरण ने सभी को आकर्षित किया। यात्रा के दौरान बस में छात्राओं ने गीत-संगीत, नृत्य एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से खूब आनंद लिया। सभी स्वयंसेवकों ने घर से लाया हुआ भोजन साझा कर सामूहिक भोज का आयोजन किया, जिससे आपसी भाईचारे एवं सहयोग की भावना को बल मिला। इसके अतिरिक्त एनएसएस शिक्षकों द्वारा स्वयंसेवकों को जलपान एवं रिफ्रेशमेंट भी प्रदान किया गया।


फतेहाबाद। अग्रोहा धाम का भ्रमण करते एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के स्वयंसेवक।

### शिविर में शिकायतों का किया तुरंत समाधान

**डबवाली।** उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम अर्पित संगल ने आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। एसडीएम अर्पित संगल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी समस्या में ढिलाई न बरती जाए और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार सोमवार व वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में वीरवार को जन समस्याएं सुनी गई और जल्द समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

■ समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए

### फर्जी कॉल कर बैंक खाता अपडेट करने के नाम पर की गई ऑनलाइन ठगी में आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फर्जी कॉल कर बैंक खाता अपडेट के नाम पर की ऑनलाइन ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रवीण पुत्र ईश्वर दास निवासी सूर्या एन्क्लेव, बीघड़ रोड, फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस मामले में इससे पूर्व एक आरोपी को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना साइबर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल ने बताया कि शिकायतकर्ता के मोबाइल फोन पर बैंक प्रतिनिधि बनकर फर्जी कॉल की गई थी। कॉल करने वाले ने बैंक खाता बंद होने तथा केवाईसी अपडेट न होने का झांसा देकर शिकायतकर्ता से ओटीपी व अन्य गोपनीय जानकारी हासिल कर ली। इसके पश्चात आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता के बैंक खाते से अवैध रूप से धनराशि ट्रांसफर कर ली गई। मामले की जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण, बैंक रिकॉर्ड एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर दूसरे आरोपी की पहचान कर उसे काबू किया गया।

## धूमधाम से मनाया जाएगा गुरु रविदास का जन्मोत्सव

**फतेहाबाद।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी के 649वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी फतेहाबाद के भूना रोड स्थित सुभाष नगर में भव्य लंगर और धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर युवाओं में भारी उत्साह है। एक फरवरी रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत गुरु रविदास जी के भंडारे की पावन पवित्र जोत जगाकर की जाएगी। इसके पश्चात सुबह 10 बजे से हरि इच्छा तक अटूट लंगर बरताया जाएगा। इस धार्मिक समागम में मुख्य अतिथि के रूप में सरदार बलदेव सिंह काहलों, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष, हरियाणा आरपीआई (ए) शिरकत करेंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में बलविंदर चौहान, जिलाध्यक्ष आरपीआई (ए) उपस्थित रहेंगे और गुरु महाराज का आशीर्वाद लेंगे। यह जानकारी देते हुए बलविंदर चौहान ने बताया कि सुभाष नगर के नौजवान युवा साथियों ने मिलकर लंगर की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा, संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी का जन्मोत्सव पूरे जोर-शोर और धूमधाम से मनाया जा रहा है। गुरु जी की शिक्षाएं पूरे समाज के लिए प्रेरणापुंज हैं। बलविंदर चौहान ने समस्त प्रदेशवासियों को गुरु रविदास महाराज के 649वें जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी श्रद्धुलओं को इस लंगर प्रसाद ग्रहण करने के लिए सादर आमंत्रित किया है।

**मुद्दा** जाखन दादी महिला कॉलेज में सुरक्षा और साइबर जागरूकता पर कार्यक्रम

# पुलिस ने महिलाओं के विरुद्ध बढ़ रहे मामलों से निपटने की जानकारी दी

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सुरक्षा और सतर्कता की भावना को विकसित करना रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

जाखन दादी रतिया महिला कॉलेज में महिला सुरक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह के नेतृत्व में छात्रों को महिलाओं के विरुद्ध अपराधों, साइबर फ्रॉड और अन्य महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सुरक्षा और सतर्कता की भावना को विकसित करना, उन्हें कानूनी अधिकारों के प्रति सजग करना और साइबर फ्रॉड जैसे तेजी से बढ़ते अपराधों से बचाव के उपाय बताना था। महिला सुरक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह ने छात्रों को विस्तार से बताया कि कैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, ओटीपी चोरी और सोशल मीडिया पर ठगी जैसी घटनाओं में आसानी से फंसने से बचा जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को बताया कि ऐसी किसी भी गतिविधि का तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या साइबर हेल्पलाइन पर सूचना देना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महिलाओं के विरुद्ध हिंसा, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और यौन उत्पीडऩ जैसे मामलों के कानूनी प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने उन्हें बताया कि किसी भी असुरक्षित स्थिति में आत्मरक्षा तकनीकें अपनाना, भरोसेमंद लोगों से मदद लेना और घटनाओं का तुरंत पुलिस को सूचित करना कितनी महत्वपूर्ण है। छात्राओं ने सक्रिय रूप से कार्यक्रम में भाग लिया और अपने प्रश्नों के उत्तर प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह से सीधे प्राप्त किए।


रतिया। महिला कॉलेज में छात्राओं के साथ सेल्फी लेते महिला सुरक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह। फोटो : हरिभूमि

### साइबर अपराध के बारे में बताया

कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा के बारे में चर्चा करते हुए छात्राओं को बताया गया कि किसी भी ऑनलाइन लेन-देन या व्यक्तिगत जानकारी को साझा करते समय सतर्क रहना चाहिए और संदिग्ध संदेश या लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। महिला सुरक्षा टीम ने कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं से अपील की कि वे अपने परिवार और दोस्तों को भी महिलाओं की सुरक्षा और साइबर जागरूकता के महत्व के बारे में सूचित करें। पुलिस ने यह स्पष्ट किया कि महिलाओं के खिलाफ अपराध और साइबर फ्रॉड के मामलों में पूरी तरह से सख्ती बरती जाएगी और आमजन इस मुहिम में पुलिस का सहयोग करें।


फतेहाबाद। जिला परिषद कार्यालय में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते कर्मचारी।

## जिला परिषद कार्यालय में करवाया गया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

**फतेहाबाद।** महानिदेशक आयुष विभाग हरियाणा एवं योग आयोग के तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी प्रवीण शर्मा, जिला योग कोऑर्डिनेटर भारती चौहान एवं जिला नोडल अधिकारी अंबिका पांटा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग फतेहाबाद द्वारा हर घर-परिवार सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जा रहा है। सूर्य नमस्कार अभियान की शुरुआत 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से की गई थी। इसके अंतर्गत आज लघु सचिवालय में जिला परिषद कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। इस दौरान कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार के लाभों के बारे में भी जानकारी दी गई। शारदा देवी, सोनू रानी, एलिस, ज्योति, मनोज कुमार, सुरेंद्र व पवन कड़वासरा ने बतायाउकि योग को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए, यह ऋषि मुनियों की देन है। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार करने से व्यक्ति के के शरीर पर तेज, चमक, लचीलापन, मोटापा, थायराइड अनेक रोगों में लाभ होता है।